सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

# अपनी बात

अंक : 575 वर्ष 43 राँची, 31 दिसम्बर, 2021









# अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक का संदेश



आज हम सब कोविड–19 महामारी की चपेट से बाहर आने की कोशिश में हैं। उससे बचने के लिए सभी जरूरी उपायों को अपना रहे हैं। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का यथोचित उपयोग के साथ–साथ 100% टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव कोशिश हम कर रहे हैं। अभूतपूर्व और विपरीत परिस्थितियों में भी आशा और विश्वास के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहना है भले ही आज कठिनाई है, कल बेहतर होगा और यदि हम उम्मीद न छोड़ें तो भविष्य अवश्य ही बेहतरीन होगा। हमने कोविड–19 प्रोटोकोल का पालन करते हुए 75वें स्वतंत्रता दिवस को 'आजादी का अमृत उत्सव' के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। इस अवसर पर उन वीर शहीदों को नमन किया और देश की प्रगति व खुशहाली की कामना की।

देश की ऊर्जा आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु सीसीएल कृतसंकल्पित है। सीसीएल परिवार निरंतर कर्त्तव्य पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने उत्पादन–उत्पादकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सतत् प्रयासरत है। हमारे परिवार का प्रत्येक सदस्य कर्तव्यनिष्ठा एवं दृढ़संकल्प के साथ अपने कार्य को निष्पादित कर रहा है। हमारा निरंतर प्रयास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय के आत्मनिर्भर भारत अभियान में सीसीएल का महत्वपूर्ण योगदान रहे। हम सिर्फ उत्पादन या उत्पादकता का ही ध्यान नहीं रखते बल्कि अपने सामाजिक कर्तव्यों के प्रति पूरी सजगता के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन कर रहे हैं। चाहे वह खान सुरक्षा से संबंधित विषय हो या फिर लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक उत्थान से हमारा सार्थक प्रयास निरन्तर जारी है और रहेगा। मैं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

विगत कई वर्षों से प्रकाशित सीसीएल की पत्रिका 'अपनी बात' एक नये रूप और अंदाज में आपके समक्ष प्रस्तुत है। जिसका उद्देश्य कंपनी की महत्वपूर्ण गतिविधियों, उपलब्धियों एवं सामाजिक सरोकार आदि के कार्यों से आपको अवगत कराना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पत्रिका के माध्यम से आप सभी लाभान्वित होंगे। मैं 'अपनी बात' की टीम के इस अच्छे प्रयास की सराहना करता हूँ।

आपके स्वस्थ और खुशहाल जीवन की मंगल कामनाओं के साथ पुनः धन्यवाद!

(पी. एम. प्रसाद)

# निदेशक (कार्मिक) का संदेश



हम समस्त देशवासी 75वें स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ को 'आजादी का अमृत उत्सव' के रूप में मना रहे हैं। आज कोरोना रूपी महामारी हमारे सामने भयावह रूप लिए खड़ा है जिसने विश्व के समस्त मानव जाति के समक्ष एक अभूतपूर्व कठिन परिस्थिति प्रस्तुत कर दी है। इस महामारी को हराने के लिए यह आवश्यक है कि पूरा देश एक साथ खड़ा होकर सरकार के सारे निर्देशों का अक्षरशः पालन करे। मास्क पहनना, हाथों को निरंतर साबुन से धोना या सैनिटाइज करना, सोशल डिस्टेंसिंग का अनुसरण करना हमारे और हमारे परिवार की सुरक्षा के लिए नितांत आवश्यक है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे इन प्रयासों से बहुत जल्द ही कोरोना वायरस से भी हमें आजादी मिलेगी।

एक सार्वजनिक उपक्रम के रूप में अपने स्टेकहोल्डर्स एवं समाज के प्रति हमारी कुछ जिम्मेदारियाँ हैं और एक जिम्मेदार उद्यम के रूप में हम हमेशा उनके निर्वहन करने के प्रयास में लगे रहते हैं। लॉकडाउन के दौरान भारतीय रेलवे द्वारा प्रवासी श्रमिकों के लिए चलाई गई "श्रमिक स्पेशल ट्रेन" से अपने परिवार के साथ वापस घर लौट रहे हज़ारो श्रमिक बंधुओं को सीसीएल टीम के द्वारा राँची, हटिया और बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर लगभग 14000 से ज्यादा फूड पैकेट्स और पानी बोतलें उपलब्ध कराई गयी। सीसीएल की मेडिकल टीम ने समय की पराकाष्ठा पर खरे उतरते हुए गांधीनगर और रामगढ़ केंद्रीय अस्पताल में 1750 से भी अधिक कोरोना संक्रमित मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज कर चुकी है।

इन सभी उपलब्धियाँ और सामाजिक कार्य में सीसीएल परिवार के हर एक सदस्य, विभाग और सचिवालय का सहयोग रहा है, जिसके बगैर हर एक प्रयास, पहल और कार्य अकल्पनीय है। यह उदाहरण है हमारी टीम वर्क, समन्वय और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का जिसके लिए मैं सीएमडी सीसीएल, अपने सहयोगी निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। सीसीएल परिवार द्वारा इस आपदा के दौरान अपने स्टेकहोल्डर्स के स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित किया गया। कर्मियों और सीसीएल प्रबंधन के बीच विश्वास की कड़ी को और मजबूत करने का भी हमेशा हमारा प्रयास रहा है। टीम सीसीएल ने लॉकडाउन के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, कर्मठता और समर्पण भाव से निभाते हुए अपने कमांड क्षेत्रों में निरंतर गरीबों, दिहाड़ी मज़दूरो एवं जरुरतमंदो के बीच खाद्य सामग्री की आपूर्ति किया गया। बरका सयाल, अरगडा, उत्तरी कर्णपुरा, राजहरा, पिपरवार, रजरप्पा, कुजू, हजारीबाग, बोकारो एवं करगली, ढोरी, कथारा, मगध–संघमित्रा, आम्रपाली–चंद्रगुप्त, गिरिडीह आदि क्षेत्रों में लगभग 490 क्विंटल खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल, नमक, आटा, सरसों का तेल, सोया बरी, चूड़ा, मसाले, आलू, प्याज इत्यादि उपलब्ध कराया गया। सामुदायिक रसोई के माध्यम से लगभग 9,000 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया। साथ ही कंपनी के द्वारा लगभग 24,000 परिवारों के बीच खाने का पैकेट भी वितरित किया गया। सीसीएल कमांड क्षेत्र के 37 ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थानों, चबूतरों, हैंड पंप के आसपास के स्थान आदि को सैनिटाइज़ किया गया है। कंपनी के द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त ग्रामीण महिलाओं से लॉकडाउन के दौरान लगभग 4000 हस्त निर्मित मास्क क्रय कर जरुरतमंदो के बीच वितरित किया गया। मुझे उम्मीद है कि नये रूप में प्रकाशित सीसीएल की आंतरिक मासिक पत्रिका "अपनी बात" हमारे कर्मियों के लिए ज्ञानवर्धक साबित होगी।

(पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव)

# सीसीएल एवं झारखण्ड जू अथॉरिटि के बीच एमओयू

# सीसीएल ने भगवान बिरसा बायोलॉजिकल पार्क से दो शेर एवं दो बाघ को लिया गोद



सीसीएल एवं झारखण्ड जू अथॉरिटी के बीच समझौता ज्ञापन समारोह में उपस्थित सीएमडी श्री पीएम प्रसाद एवं अन्य गणमान्य

सीसीएल अपने सीएसआर योजना के अंतर्गत अनेको कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 04 दिसम्बर को होटल रेडिशन ब्लू, राँची में सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद की उपस्थिति में सीसीएल एवं झारखण्ड जू अथॉरिटि के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू के अंतर्गत सीसीएल द्वारा 'भगवान बिरसा बायोलॉजिकल पार्क, राँची' से दो शेर एवं दो बाध को तीन वर्षों के लिए गोद लिया जा रहा है। सीसीएल दो शेर एवं दो बाध के देख–रेख तथा पालन–पोषण के लिए 36 लाख रूपये का व्यय करेगा।

सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर), श्री बाला कृष्णा लाडी एवं झारखण्ड जू अथॉरिटि की ओर से भगवान बिरसा बायोलॉजिकल पार्क, श्री जबीर सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट एवं फॉरेस्ट फोर्स के प्रमुख, श्री पी.के.वर्मा (आईएफएस), प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट–कम–ईडी नोडल वेस्टलैंड डेवलपमेंट बोर्ड, श्री ए के रस्तोगी (आईएफएस), प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फोरेस्ट एंड चीफ वाइल्डलाईफ वार्डेन श्री राजीव रंजन, अध्यक्ष झारखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड श्री आशीष रावत, एडिसनल प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट श्री एन के सिंह, श्री संजीव कुमार और निदेशक, महाप्रबंधक (पर्या. एवं वन) श्री सौमित्र सिंह एवं अन्य अधिकारीगण सोशल डिस्टेंशिंग एवं कोविड–19 के अन्य गाइडलाइन का पालन करते हुये उपस्थित थे।

इस अवसर पर सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि सीसीएल पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और वन्यजीव संरक्षण पर्यावरण संरक्षण का एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि जानवरों को गोद लेने से जानवरों के संरक्षण के महत्व के बारे में आमजन के बीच जागरूकता बढ़ेगी।

**" पर्यावरण के साथ–साथ वन्य जीवों की रक्षा करना भी हमारा कर्त्तव्य "**

# बाबासाहेब अंबेडकर की 65वीं पुण्यतिथि पर सीसीएल में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी



बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की 65वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बाबा साहब के मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते सीएमडी श्री पीएम प्रसाद एवं अन्य

भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की 65वीं पुण्यतिथि पर आज सीएमडी सीसीएल श्री पीएम प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री भोला सिंह सहित अधिकारियों, जन प्रतिनिधिगण, श्रमिक संघो के प्रतिनिधिगणों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । मुख्यालय के साथ–साथ सीसीएल के सभी क्षेत्रों में दिनांक 06 दिसम्बर, 2021 को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया।

सीएमडी श्री पी एम प्रसाद ने कहा कि भारतीय संविधान के जनक के रूप में पूरा देश बाबासाहेब का सदैव कृतज्ञ रहेगा। उनके मूल्यों एवं आदर्शों को आत्मसात कर ही हम सभी उनको सच्ची श्रद्धांजलि देंगे।

# लातेहार जिला प्रशासन के साथ समझौता ज्ञापन

सीसीएल ने लातेहार जिला प्रशासन के साथ पन्द्रह मॉडल प्रसव केन्द्र बनाने के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया। इस ज्ञापन के अन्तर्गत सीसीएल 1 करोड़ 5 लाख रु. के व्यय से जिले के विभिन्न प्राइमरी हेल्थ सेंटर एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में यह मॉडल प्रसव केन्द्र बनाया जाएगा। इस मौके पर सीसीएल की तरफ से महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री बाला कृष्ण लाडी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**“ मैं किसी समुदाय की प्रगति महिलाओं ने जो प्रगति हासिल की हैं उससे मापता हूँ – डॉ बाबासाहेब भीम राव अम्बेडकर ”**

# कर्मियों को पेंशन और पीएफ का ससमय भुगतान हमारा नैतिक कर्तव्य – निदेशक (कार्मिक)

## सीसीएल में सामाजिक सुरक्षा समन्वय बैठक का आयोजन



सामाजिक सुरक्षा समन्वय बैठक में उपस्थित निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव

दिनांक 21 दिसम्बर को सीसीएल मुख्यालय में सामाजिक सुरक्षा/पेंशन विभाग द्वारा समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव ने की। बैठक में सीएमपीएफ अपर आयुक्त श्री ए के सिन्हा, सहायक आयुक्त श्री विजय प्रसाद सहित सीसीएल के महाप्रबंधक (सोशल सिक्युरिटी) श्री यू पी नारायण, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औ.सं.) श्री उमेश सिंह, महाप्रबंधक (विधि) श्री पार्थो भट्टाचार्जी, महाप्रबंधक (कार्मिक/एनईई) श्री मनोरंजन बिरूआ, विभागाध्यक्ष (अधिकारी स्थापना) श्री मनीष कुमार, सीसीएल कमांड क्षेत्रों के अमला अधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। बैठक में फॉर्म ए, पीएस–3 व पीएस–4 का सत्यापन, पासबुक अपडेशन, पेंशन का पुनर्निधारण, विधवा पेंशन, मिशन विश्वास इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में कर्मचारियों के उपरोक्त विषय से संबंधित समस्याओं को सरल तरीके से समय पर निपटाने पर विशेष चर्चा की गई ताकि सेवा निवृत्ति के पश्चात् किसी भी कर्मचारी को कोई परेशानी न हो। निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव ने कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा यानि पीएफ एवं पेंशन से संबंधित हर विषय पर विस्तार से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।


बैठक को सम्बोधित करते हुए निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव ने कहा कि कर्मियों का पेंशन और पीएफ उनका अधिकार है जिसका स–समय भुगतान सुनिश्चित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। सीसीएल प्रबंधन अपने कर्मियों के हित की सुरक्षा एवं सुविधाओं को नियमानुसार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीएल सभी प्रकार से सीएमपीएफ कार्यालय के साथ समन्वय करेगा। श्री राव ने इस बैठक के दौरान कर्मियों एवं उनके आश्रितों के पेंशन के भुगतान हेतु सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कम्पनी स्तर पर सीएमपीएफ के साथ समन्वय बैठक नियमित रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया।

**“ हर किसी के हितों की रक्षा हो ऐसा विधान है,**
**सबको जोड़कर रखे ऐसा भारत का संविधान है ”**

# 27 आश्रितों को दिया गया सीसीएल का नियुक्ति पत्र एवं 2 आश्रितों को दिया गया मॉनेटरी कम्पेन्सेशन

दिनांक 11 दिसम्बर को झारखंड उच्च न्यायालय, राँची में आयोजित ''राष्ट्रीय लोक अदालत'' में सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने भाग लिया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायलय के माननीय मुख्य न्यायाधीश डॉ. रवि रंजन एवं अन्य माननीय न्यायाधीशों ने चिन्हित 27 आश्रितों को सीसीएल का नियुक्ति पत्र एवं 2 आश्रितों को मॉनिटरी कम्पेसेशन प्रदान किया। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले में सीसीएल के अरगड़ा, ढोरी, कुजू, बी एंड के, कथारा, हजारीबाग, एन.के., बरका–सयाल, सीआरएस बरकाकाना आदि क्षेत्रों के पूर्व दिवंगत कर्मियों के आश्रित थे।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय से महाप्रबंधक (विधि) श्री पार्थो भट्टाचार्जी, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औ.सं.) श्री उमेश सिंह, प्रबंधक (कार्मिक) श्री पुष्पक लाला सहित सीसीएल कमांड क्षेत्रों व मुख्यालय के अधिकारीगण कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुये उपस्थित थे ।



# प्रकाश गहलोत के कप्तानी में कोल इंडिया की टीम 'अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र क्रिकेट प्रतियोगिता' में भाग लेगी

## प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सीसीएल के चार खिलाड़ी गुड़गॉव, हरियाणा के लिए प्रस्थान



कोल इंडिया टीम में चयनित सीसीएल के खिलाड़ियाँ

सीसीएल के चार क्रिकेट खिलाड़ी प्रकाश गहलोत, हिमांशु धूमस, शाहनवाज खान एवं कावीश कुमार का चयन कोल इंडिया क्रिकेट टीम के लिए हुआ है। कोल इंडिया क्रिकेट टीम 'अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र क्रिकेट प्रतियोगिता' में भाग लेगी। यह प्रतियोगिता का आयोजन गुड़गांव, हरियाणा में आगामी 20 से 24 दिसम्बर, 2021 तक किया जायेगा। सीसीएल के प्रकाश गहलोत को कोल इंडिया क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुड़गाँव हरियाणा के लिए प्रस्थान किया। प्रस्थान से पूर्व खिलाड़ियों को सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक (कर्मिक) श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुन राव, विभिन्न महाप्रंधक एवं सीसीएल परिवार के सदस्यों ने शुभकामनाएँ दी है। सीसीएल से चयनित खिलाड़ियों ने स्पोर्ट्स विभाग के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## अपील

अभी–अभी कोरोना महामारी से हम सबने थोड़ी राहत की सांस ली है लेकिन आप सभी को ज्ञात हो कि कोरोना का नया वेरिएंट 'ओमीक्रॉन' विश्व स्तर पर फैलता जा रहा है। अतः हमें सतर्क रहने तथा हर सावधानियाँ अपनाने की जरूरत है। हमारे सभी कोयला कर्मी से विनम्र अपील है कि अपने तथा अपने परिवार का टीकाकरण अवश्य कराएं। स्वस्थ रहें! सुरक्षित रहें!!

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई



सम्मान समारोह के अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ सीएमडी श्री पी एम प्रसाद एवं निदेशकवृंद

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों सर्वश्री देबाशीस सिन्हा, महाप्रबंधक (माईनिंग), सुरक्षा विभाग,अखिलेश कुमार चौबे, महाप्रबंधक (माईनिंग), कॉर्डिनेशन विभाग, ए. एस. रॉय, महाप्रबंधक (ई एण्ड एम), असैनिक विभाग, श्री जय प्रकाश विश्वकर्मा, महाप्रबंधक (वित्त), वित्त विभाग, डॉ. अंजना झा, सीएमएस (सीएसआर), के.ए. सुन्दर, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), एलपी एण्ड आर विभाग, अनिल कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), उत्खनन विभाग, बेनी माधव झा, मुख्य प्रबंधक (वित्त), आईएडी विभाग, आशिष कुमार गंगोपध्याय, कार्यालय अधीक्षक, एचआरडी विभाग, निर्मल कुमार पॉल, वरीय निजी सहायक 'ए–1', गुणवत्ता प्रबंधन विभाग, सौमित्रा गुहा, अकाउंटेंट 'ए–1', विक्रय एवं विपणन विभाग, नागेश्वर साहू, कुक, कैट III, प्रशासन विभाग, उदय कुमार सिंह, एएसएसआई, सुरक्षा विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से श्री अब्दूल मनान, वरीय रेडियोग्राफर को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। पूरे सीसीएल से दिसम्बर माह में 128 सेवानिवृत कर्मियों को भी कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुये सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

मुख्यालय, राँची में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने उपस्थित कंपनी के वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। अवसर विशेष पर सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये सेवानिवृत्त कर्मियों को रिटायरमेंट संबंधित बेनिफिट प्रदान किया गया।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से सभी को नववर्ष 2022 की हार्दिक बधाई देते हुऐ कहा कि आज आप सभी कर्मी सीसीएल से औपचारिक रूप से सेवानिवृत हो रहें हैं जो एक बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के योगदान की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि हर कर्मी की भूमिका कार्यस्थल पर अहम होती है। आप सभी अपने कार्यकाल में जहाँ भी पदस्थापित रहे वहाँ अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया और कंपनी को सुदृढ़ बनाने के साथ–साथ उच्चतम मुकाम तक पहुंचाया इसके लिए हम आभारी है।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री भोला सिंह ने सभी को नये साल की शुभकामनाएं देते हुए सेवानिवृत कर्मियों से कहा कि इस कंपनी को अपने तजुर्बे और अनुभव से आज इस मुकाम तक पहुंचाया है और हम सभी आपके दिखाये हुए मार्ग पर कंपनी को और आगे ले जायेंगे। श्री सिंह ने सभी वरिष्ठतम सदस्यों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

निदेशक (वित्त) श्री के.आर. वासुदेवन ने सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुये उनके सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना किया।

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री एस.के. गोमस्ता ने उपस्थित सभी को नुतन वर्ष की हार्दिक शुभकानाएँ देते हुये उन्होंने ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य का कामना किया।

अवसर विशेष पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने कार्यकाल के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने अपने विचार रखे, साथ ही कंपनी के उतरोत्तर विकास की कामना की तथा कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया। अवसर विशेष पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के उत्तरोत्तर विकास हेतु कुछ सुझाव भी दिये।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन सोशल डिस्टेशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे।




# सोशल मीडिया में सीसीएल










सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)